सार-समाचार

रामगंजमण्डी पुलिस ने गांजा सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया

रामगंजमण्डी, (निसं)। रामगंजमंडी पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बुधवार को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत 5 नवम्बर बुधवार को रामगंजमण्डी पुलिस द्वारा आसिफ खान पुत्र अकील शेख निवासी गरीब नवाज कॉलोनी रामगंजमण्डी को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देशन व रामकल्याण मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण व घनश्याम मीणा वृताधिकारी वृत रामगंजमण्डी के सुपरविजन में मनोज सिंह सिकरवार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना रामगंजमण्डी के नेतृत्व में रामगंजमण्डी द्वारा मुल्जिम आसिफ खान पुत्र अकील शेख जाति मुसलमान उम्र 30 साल निवासी गरीब नवाज कॉलोनी रामगंजमण्डी थाना रामगंजमण्डी को गश्त के दौरान नियामत खेड़ी रोड प्लानिंग रामगंजमण्डी में अवैध मादक पदार्थ गांजा 308 ग्राम के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मुल्जिम के खिलाफ पूर्व में विभिन्न धाराओं के तहत कुल 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिसमें से 14 रामगंजमण्डी थाना एवं एक-एक सुकेत थाना व झालावाड़ कोतवाली में दर्ज हैं। पुलिस टीम में मनोज सिंह सिकरवार पुलिस निरीक्षक एसएचओ, घांसीलाल हैड कानि., चंद्रशेखर शर्मा कानि. आसूचना, रेशपाल कानि. व रुपेश कुमार कानि. शामिल थे।

सड़क हादसे में युवक की मौत

कोटा, (निसं)। नान्ता थाना इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि बुधवार रात्रि को सूचना मिली कि इलाके में स्थित नहर किनारे एक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। सड़क हादसे में घायल की पहचान रवि वैष्णव के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि सड़क हादसे में घायल मोहनलाला सुखाड़िया योजना निवासी रवि वैष्णव (32) की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि युवक बुधवार रात्रि को स्कूटी से घर की तरफ आते समय नहर के किनारे अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरूवार को नवोदय उच्च बाल माध्यमिक विद्यालय कैथून में अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सेषन न्यायाधीष सत्यनारायण व्यास एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीष कोटा के निर्देशानुसार इंटर्न छात्रों द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं विधिक चेतना समिति के सदस्य एडवोकेट भुवनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के 98 छात्र-छात्राओं को पीड़ित प्रतिकर स्कीम की जानकारी दी गई। विधिक चेतना समिति के सदस्य पंकज शर्मा ने उपभोक्ता संरक्षण कानून की जानकारी देते हुए वस्तु खरीदते समय बिल लेने की अनिवार्यता एवं नकली माल से सावधान रहने के प्रति जागरूक किया। विधिक चेतना समिति के सदस्य यज्ञदत हाडा ने गुड टच-बेड टच, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के बारे में बताया। इंटर्न मनिका दुबे, पूजा मीणा एवं अन्य ने भी जानकारियां दी। शाला प्रबंधक श्याम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

आरपीएफ की सतर्कता से महिला यात्री को मिला खोया हैंडबैग

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने अपनी सजगता और ईमानदारी का परिचय देते हुए एक महिला यात्री का खोया हुआ हैंडबैग सुरक्षित रूप से वापस कराया। इस मानवीय कार्य ने रेलवे कर्मियों की संवेदनशीलता और जनसेवा भावना को उजागर किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि स्टेशन परिसर में ड्यूटी पर तैनात गैंगमैन यूनिट नंबर 82 के गोपाल प्रसाद को प्लेटफार्म पर एक हैंडबैग मिला, जिसे उन्होंने तत्काल आरपीएफ पोस्ट में जमा कराया। जांच में बैग से दो जोड़ी नए कपड़े, कॉस्मेटिक सामग्री और चांदी की एक जोड़ी बिछिया बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ढाई हजार रुपये थी। बाद में भरतपुर निवासी योगेश कुमार आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और बताया कि उनकी मौसी आशा देवी ट्रेन संख्या 12196 से भरतपुर से आगरा की यात्रा कर रही थीं तथा जल्दबाजी में प्लेटफार्म पर अपना पर्स भूल गई थीं। सत्यापन उपरांत एएसआई राजाराम अहिरवार द्वारा उक्त बैग यात्री के परिजन को सही हालत में सुपुर्द किया गया।

जनसुनवाई 6, 13 व 20 नवम्बर को

कोटा, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई, त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर क्रमशः 6, 13 व 20 नवम्बर को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 नवम्बर को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। उपखंड स्तर पर अटल जन सेवा शिविर 13 नवम्बर को पंचायत समिति या उपखण्ड अधिकारी द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग सतर्कता समिति की बैठक 20 नवम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 9 से

बूंदी (निसं)। मेरा युवा भारत केन्द्र, बूंदी के तत्वाधान में नेहरू युवा मंडल संस्थान, गोठडा के द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 9 नवंबर से स्वामी विवेकानंद कॉलेज खेल मैदान, गोठडा में होगी। प्रतियोगिता संयोजक भूपेन्द्र योगी ने बताया कि दलीय खेलों में कबड्डी(बालक वर्ग), खो-खो (बालक व बालिका वर्ग), व्यक्तिगत खेलों में 100 मी. दौड़ (बालक व बालिका वर्ग) व लंबी कूद (बालक व बालिका वर्ग) के खेल होंगे। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विजेता दल एवं प्रतिभागी जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सहसंयोजक मंडल अध्यक्ष भगवान नाथ ने बताया कि योग्य प्रतिभागी व दल 8 नवम्बर सायं 5 बजे तक कोषाध्यक्ष देवलाल सैनी व भगवान प्रजापत से संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं।

अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नयापुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ शहर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन गुरूडव्यू के तहत इलाके में गश्त के दौरान मंशापूर्ण गणेश भगवान मंदिर चंबल कॉलोनी मय जाप्ता पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा, संदिग्ध लगने पर उसे पकड़कर मौके पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 162 ग्राम गांजा बरामद किया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अब्दुल अरबाज उर्फ चिंटु को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

मनोज शर्मा की पुस्तकों की सराहना की

कोटा, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी एवं मोटिवेशनल स्पीकर, कवि एवं साहित्यकार मनोज कुमार शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके कोटा निवास पर अपनी पुरस्कृत पुस्तके भेंट की। राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता शर्मा न्यूयॉर्क एवं जोहांसबर्ग में विश्व हिंदी सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बिरला ने उनकी पुस्तकों एवं साहित्य सेवा की सराहना की।

मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर अधिनियम की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चालकों के नियमानुसार निर्धारित कार्य घंटे व विश्राम समय की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा कर मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त शमिता जैन ने बताया कि श्रम निरीक्षक द्वारा वहां उपस्थित चालकों को संबोधित कर जागरूक किया गया।

आयुर्वेद, योग व नैचुरोपैथी का प्रमुख केंद्र बनेगा कोटा : बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को तलवंडी स्थित राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आयुर्वेद और योग केवल चिकित्सा पद्धतियाँ नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन जीवन-शैली और संतुलित स्वास्थ्य का विज्ञान हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान हाड़ौती क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जहां से निकलने वाले विद्यार्थी समग्र स्वास्थ्य, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा देंगे। बिरला ने पूर्व सांसद वैद्य दाऊदयाल जोशी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कोटा में कोटा में आयुर्वेद चिकित्सा की नींव रखी थी, जो आज एक सशक्त शिक्षण और अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखना उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और इस प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक रुख रखने के लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

मेडिसिटी विकसित करेंगे:- लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संस्थान में क्लिनिकल रिसर्च, हाइड्रोथेरपी, क्रायोथेरपी, मसाज थैरपी जैसी चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाएगा और औषधीय उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक मानकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कोटा को केवल शिक्षा और उद्योग की नगरी ही नहीं, बल्कि योग, आयुर्वेद और वेलनेस का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए 50 बीघा क्षेत्र में आयुर्वेद मेडिसिटी और औषधि पार्क विकसित करने की योजना है, जिससे स्वास्थ्य पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

कोटा में राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय का लोकार्पण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया।

आयुर्वेद और योगा का हब बनेगा कोटा:- उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आयुर्वेद जीवन जीने की कला और प्रकृति के साथ संतुलन का विज्ञान हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में कोटा को आयुर्वेद और योग के हब के रूप में विकसित किया जाएगा। बैरवा ने कहा कि राजस्थान आज आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 348 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत की जा चुकी है। बूंदी में भी आयुर्वेद चिकित्साल की स्थापना होगी।

आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भी शुरू हो:- विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के दूरदर्शी नेतृत्व ने कोटा को शिक्षा, उद्योग, पर्यटन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के मार्गदर्शन में कोटा में आयुर्वेदिक चिकित्सा को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि कोटा में 10 करोड़ रुपये की लागत से वेलनेस सेंटर स्थापित करने की योजना है, जिससे नागरिकों को समग्र स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में दो आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी खोली जाएं, ताकि लोग इस पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का सीधा लाभ ले सकें। इस अवसर पर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, जिला कलक्टर पीयूष समारिया, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

मंत्री मदन दिलावर ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

कोटा, (निसं)। सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर के अंतर्गत कोटा जिले की तहसील रामगंजमंडी की ग्राम पंचायत आलोद और सालेड़ाखुर्द का शिविर रिछी गांव मे आयोजित किया गया।

शिविर में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर पूरे समय उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों की समस्याओ को सुना और उनका समाधान किया। शिविर मे ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए मंत्री मदन दिलावर ने अपने विधायक कोष सें 27 लाख रूपये देने की घोषणा की। दिलावर ने रिंछी खेल मैदान के लिए ग्रेवल सड़क निर्माण हेतु 5 लाख, बैरवा बस्ती सालेड़ाखुर्द मे नाला निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम रिंछी मे राम मंदिर के सामने सामुदायिक भवन मे टीन शेड लगाने हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम रिंछी मे ही चौपाल पर विभिन्न निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम मोती पूरा खुर्द मे खेल सें हनुमान जी के मंदिर वाले रास्ते पर इंटरलोकिंग निर्माण तथा नाले की पुलिया निर्माण हेतु 7 लाख रूपये दिए है।



ग्रामीण सेवा शिविर में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर पूरे समय उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया है।

अलोद पंचायत मे कुल 42 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमे सें 35 का निस्तारण किया गया। खाद्य सुरक्षा के 16, प्रधान मंत्री आवास के 10, प्रधानमंत्री आवास की किस्तें 2 जारी की गयी, पट्टे 56 बनाये गए। मृत्यु प्रमाण पत्र 2 बनाये गए, निर्माण कार्य के 7 प्रकरण निस्तारित किये गए। ग्राम पंचायत सालेड़ा खुर्द मे कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए। खाद्य सुरक्षा के 18, प्रधानमंत्री आवास के 8 पट्टे 16 बनाये गए। मृत्यु प्रमाण पत्र 5, जन्म प्रमाण पत्र 2 तथा जॉब कार्ड 5 बनाये गए। दोनों शिविरों में कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए।

अवैध पिस्टल व पांच जिंदा कारतूस सहित दो मोस्ट वांटेड अपराधी गिरफ्तार

- दोनों पर 1-1 लाख रूपये इनाम था घोषित

कोटा, (निसं)। मकबरा पुलिस टीम की सर्तकता के चलते आकस्मिक चैकिंग के दौरान दो मोस्ट वांटेड को कोटा मे कोई बड़ी वारदात करने से पहले ही पुलिस टीम ने धरदबोचा। पकड़े गये बदमाशों के पास से एक पिस्टल व पांच जिंदा कारतूस बरामद किये गये है, पकड़े गये दोनों बदमाशों में अजय सिंह हाड़ा उर्फ अज्जू और महेश झांझोट है जो पूर्व में चर्चित रणवीर चौधरी हत्याकांड के मुख्य वांछित अपराधी है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अपराधो की रोकथाम हेतु शहर में अवैध हथियारों के विरूद्ध पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक राजेश टेलर के सुपरविजन में मकबरा थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी लईक अहमद के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए दो बदमाशों को एक पिस्टल व पांच जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि मकबरा थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी लईक अहमद मय जाप्ता होटल धर्मशाला की चैकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों को चेक कर रहे थे, इसी दौरन मकबरा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम को दो जने बैग टांगकर एवं साफी से मुंह छिपाकर आते हुए दिखे, संदिग्ध लगने पर दोनों को मौके पर डिटेन कर तलाशी ली गई तो आरोपी अजय सिंह हाडा के पास से एक पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस एवं दूसरे आरोपी महेश के पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये।

पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए गुमानपुरा निवासी अजय सिंह हाड़ा उर्फ अज्जु और नई साबरमती कॉलोनी निवासी महेश झांझोट को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये दोनों बदमाश अपराधी रणवीर चौधरी हत्याकांड के मुख्य वांछित अपराधी है।

पुलिस प्रशासन की ओर से दोनों पर 1-1 लाख रूपये का इनाम घोषित किया हुआ था। शहर एसपी ने बताया कि दोनों बदमाश राजस्थान राज्य के टॉप 10 मोस्ट वांटेड अपराधियों की श्रेणी में चिन्हित है। दोनों बदमाश कोटा में कोई बड़ी वारदात करने की फिराक में थे। पकड़े गये दोनों बदमाशों से अनुसंधान किया जा रहा है।

बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम शुरू

कोटा, (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती समारोह के अवसर पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक जनजागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीना एवं अध्यक्ष डॉ.टी.सी.लोया द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष एवं समाज के उत्थान हेतु उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. सुरेश कुमार मीणा' ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की संयोजक 'डॉ. मुक्ति पराशर' ने जानकारी दी कि दिनांक 10 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय परिसर में जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ 'ओपन एंट्री' के माध्यम से भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध ऑनलाइन लिंक एवं ऑफलाईन के माध्यम से कर सकते हैं।

सेवा कार्य कर जन्मदिन मनाया

कोटा, (निसं)। भाजपा देहात महिला मोर्चा की ओर से देहात के कई मंडलों में उपभोक्ता होलसेल भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया गया।

भाजपा महिला मोर्चा कोटा देहात जिला अध्यक्ष आशा त्रिवेदी के नेतृत्व में कोटा देहात के कई मंडल में गायों को चारा खिलाया गया, अस्पतालों में मरीजों को फलों का वितरण किया गया।

युवक से मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कैथून पुलिस टीम ने दलित के साथ मारपीट के मामले में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि फरियादी मदन मेघवाल ने कैथून थाने में रिपोर्ट दी रिपोर्ट मे कहा कि उसके बेटे समीर मेघवाल के साथ इलाके मे मोहित वैष्णव, विकास चौधरी, विशाल सैनी और सूरज मेघवाल ने मारपीट कर दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन में कैथून थाना अधिकारी संदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन, कोटा-324008

ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना

निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति/वार्षिक अनुबंध/कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-TN-18337(RVU2526GLOB01499) HT स्विचगियर यूनिट # 6 में लगे 6.6 KV SF6 सर्किट ब्रेकर को वैक्यूम सर्किट ब्रेकर से बदलना और आपूर्ति, 18342(RVU2526GLOB01486) एयर प्री फिल्टर, 16089(RVU2526GLOB01491) इनबिल्ट एजिटेटर अरेंजमेंट और एक्सेसरीज के साथ सबमर्सिबल स्लरी पंप, 15296(RVU2526GLOB01478) ग्रेविमेट्रिक फीडर गियर बॉक्स और उसके स्पेयर्स, 15298(RVU2526GLOB01479) फिन्स, शील्डिंग, कैसेट बैफल्स, टॉप कवर्स स्कैलप्ड बार्स, 5436(RVU2526WSOB01475) स्टील और कंक्रीट संरचनाओं का गैर-विनाशकारी परीक्षण, 5447(RVU2526WSOB01485) सी.डब्ल्यु. सिस्टम कुलिंग टावर और ट्रेवलिंग वाटर स्क्रीन्स के ऑपरेशन और रूटिन ब्रेकडाउन मेंटनेन्स के लिए असिस्टेंस, 5449(RVU2526WSOB01476) बैकलेन, सीवर लाइनों व मेनहोल की सफाई, 5451(RVU2526WSOB01477) स्टील सम्बन्धी मरम्मत व रखरखाव, 5452(RVU2526WSOB01480) कचरा संग्रहण और कूड़ेदानों की सफाई, 5454(RVU2526WSOB01481) कचरे के निस्तारण व नालियों की सफाई, 5466(RVU2526WSOB01484) कनवेयर बेल्ट और कनवेयर ड्राईव इनक्लुडिंग पूली लेगिंग होट और कोल्ड प्रोसेस द्वारा मेकेनिकल मेनटेनेन्स का कार्य और सी.एच.पी. में पूली के मेकेनिकल रिपेयर के कार्य, 5468(RVU2526WSOB01482) स्ट्रक्चरल स्टील ट्रैश रैक के संरचना निर्माण व स्थापना, 5469(RVU2526WSOB01483) मुख्य पावर हाउस, PRDS और DM प्लांट स्टेज 2 की छत पर वाटर प्रूफिंग, 13321(RVU2526GSOB01498) सर्वो वाल्व, 14171(RVU2526GSOB01496) गैस, 18345(RVU2526GSOB01494) डेजर्ट कूलर, 12247(RVU2526GSOB01497) स्ट्रेनर, 18338(RVU2526GSOB01487) विभिन्न MCCB रोटरी हैंडल के साथ सप्लाई व रेट्रोफिटिंग, 14172(RVU2526GSOB01493) कोल लैब इंस्ट्रूमेंट्स की इंस्टॉलेशन व आपूर्ति एवं **14173(RVU2526GSOB01500)** फायर एक्सटिंग्विशर, काट्रिज और बीदिंग अपरेटस में ऑक्सीजन रीफिलिंग। विस्तृत विवरण **http://eproc.rajasthan.gov.in** (ई-निविदा हेतु), **www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/13231 RVUN/PR-4290 मुख्य अभियंता (के.एस.टी.पी.एस.)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/482 दिनांक:-06.11.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 875 सुभाष नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 1702-03 दिनांक 09.02.2009 को श्री ललित कुमार पुत्र श्री बद्रीलाल के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री ललित कुमार पुत्र श्री बद्रीलाल द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती खतीजा बैगम पत्नी श्री अब्दुल हफीज द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.03.2013 को श्रीमती नीतू सिंह पत्नी श्री जसवन्त सिंह को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती नीतू सिंह पत्नी श्री जसवन्त सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 875 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती नीतू सिंह पत्नी श्री जसवन्त सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/474 दिनांक:-3.11.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना सुभाष नगर आवासीय भूखंड संख्या 1212 का आवंटन पत्र क्रमांक 625 दिनांक 22.04.1991 को श्री रामकरण पुत्र श्री भूरा लाल के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री रामकरण की मृत्यु दिनांक 05.08.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री रामकरण पुत्र श्री भूरा लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री रामकरण द्वारा उक्त भूखंड संख्या 1212 सुभाष नगर आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 1212 योजना सुभाष नगर का नामहस्तान्तरण श्री रामकरण पुत्र श्री भूरा लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-639 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-6.11.2025

कोटा विकास प्राधिकरण की रंगबाड़ी पुनर्वास योजना के भूखंड/आवास संख्या 246 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 28.01.1987 को श्री बजरंग लाल पुत्र श्री आनंदी लाल को किया गया था। आवंटी श्री बजरंग लाल की मृत्यु दिनांक 27.08.2021 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में श्रीमती चन्द्रकान्ता वर्मा पत्नी श्री रामस्वरुप वर्मा के नाम वसीयत कर रखी थी। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी., शपथ पत्र, वसीयतनामा इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अतः प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 246 योजना रंगबाड़ी पुनर्वास योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती चन्द्रकान्ता वर्मा पत्नी श्री रामस्वरुप वर्माके नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको, इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, कोटा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या जे-393 (एल), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा क्षेत्रफल 348.00 व.मी. का हस्तान्तरण रीको कार्यालय आदेश दिनांक 31.03.2006 के द्वारा **मैसर्स जय माता दी एन्टरप्राइजेज प्रो. श्री देवनाथ पुत्र श्री बंशीलाल** के पक्ष में किया गया। जिसकी लीजडीड का निष्पादन दिनांक 07.04.2006 को करवाया गया। उक्त भूखण्ड के प्रोपराईटर श्री देवनाथ थे, जिनका देहान्त दिनांक 06.10.2022 को हो चुका है। मृतक आवंटी श्री देवनाथ की मृत्यु उपरान्त उनकी **पत्नी श्रीमती प्रभावती** द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, पार्षद वार्ड नं. 13 नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जारी सजरा प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधपत्र, जन आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड आदि दस्तावेजों को पेश करते हुए इस भूखण्ड संख्या जे-393 (एल), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स **श्रीमती प्रभावती पत्नी स्व. श्री देवनाथ, निवासी म.नं. 205-बी, प्रेमनगर, कोटा,** द्वारा स्वयं के पक्ष में हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। इस भूखण्ड संख्या जे-393 (एल), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स **श्रीमती प्रभावती पत्नी स्व. श्री देवनाथ** द्वारा मृत्यु प्रमाण पत